कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.10.2019

उद्यमिता जागरूकता शिविर संपन्न

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग , भारत शासन, नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित तीन दिवसीयउद्यमिता जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन छत्तीसगढ़ इण्डस्ट्रियल एण्ड टेक्नीकल कंसल्टेंसी सेंटर (सिटकॉन), रायपुर (सिटकॉन) द्वारा शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्ना. महाविद्यालय के कौशल विकास केन्द्र के और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मार्गदर्शन में विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र से परिचित कराने हेतु किया गया।

उद्यमिता जागरूकता शिविर का औपचारिक उद्घाटन माननीय डॉ सुशील चन्द्र तिवारी, प्राचार्य, श्री योगेश शर्मा, श्री सुप्रभात शील एवं केदारनाथ गालव, सिटकॉन के विशिष्ट आतिथ्य और कौशल विकास केंद्र की संयोजक डॉ. बबीता दुबे की संचालन में दिनॉक 10 अक्टूबर 2019 को हुआ था। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कार्यक्रम के औचित्यता पर प्रकाश डाला

इस कार्यक्रम में श्री योगेश शर्मा, श्री सुप्रभात शील एवं केदारनाथ गालव आदि विषय विशेषज्ञो द्वारा व्याख्यान दिया गया। प्रतिभागियों को औद्योगिक भ्रमण में क्रेजी मेकर्स बेकरी इण्डस्ट्री में ले जाया गया जहॉ उन्होने उद्योग के बारे विस्तार पूर्वक प्रैक्टिकल अनुभव प्राप्त किया।

सिटकॉन द्वारा सभी 70 प्रतिभागियों को कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन पर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। छात्राओं ने अपना अनुभव व फीडबैक दिया। कौशल विकास केन्द्र की संयोजक डॉ. बबीता दुबे, ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

<u>गर्ल्स कॉलेज में</u>

उद्यमिता जागरूकता शिविर संपन्न